रोहतक

गुरुवार, 13 मार्च 2025

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 42
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 34.3
न्यून. 17.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,029.76 | 72.56 ▼ |
| निफ्टी | 22,470.50 | 27.42 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 88,850 /- | 60/- ▲ |
| चांदी | 1,00,200/- | 1300/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.19 | 2 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 69.94/ बैरल | 0.55% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन भी घमासान

# मंत्री व भाजपा विधायक में विवाद पर कांग्रेस का हंगामा, वॉकआउट

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट-सत्र के चौथे दिन बुधवार को जहां राज्यपाल के अभिभाषण पर कांग्रेस की ओर से आलोचना व भाजपा सत्तापक्ष सीटों की ओर से सरकार के कामकाज की प्रशंसा करते हुए सूबे में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्यों भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अशोक अरोड़ा, डॉ. रघुबीर कादियान, बीबी बतरा अन्य ने एक दिन पहले मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और भाजपा विधायक रामकुमार गौतम के बीच आरोप-प्रत्यारोप मामले में घटनाक्रम पर चिंता जाहिर की। कांग्रेस मामले में हाईकोर्ट के सिटिंग जज अथवा उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग रखी। इस दौरान सदन में डॉ. अरविंद शर्मा उपस्थित नहीं थे, जबकि रामकुमार गौतम आए हुए थे। सत्तापक्ष की ओर से संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा, मंत्री कृष्ण बेदी व कांग्रेस विधायकों के बीच अच्छी खासी तू-तू, मैं-मैं भी हुई। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने हंगामा करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया।

**कांग्रेस ने राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर कहा, कोई नई बात नहीं**

●

**कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, दादूपुर नलवी नहर मामले उठाए**

●

**हुड्डा, भुक्कल, अरोड़ा ने उठाए व्यवस्था पर सवाल**



### गौतम की बात पर फिर शोरगुल

सदन में अपनी बात रखने खड़े हुए रामकुमार गौतम ने बुधवार को भी वही अंदाज अपनाया और राज्यपाल के अभिभाषण पर भाजपा सरकार, नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहरलाल की कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की। गौतम ने कहा कि अब पर्ची खर्ची नहीं बल्कि युवा तैयारी करने में जुटे हैं। हुड्डा सहित कईं सरकारों पर तंज करते हुए गौतम ने टिप्पणी की, तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा तैश में आए और पलटवार किया साथ ही बोले कुछ सच्चाई भी बता दे।

### गौतम को हुड्डा ने दिया जवाब

भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने भाजपा सरकार की जमकर प्रशंसा की और कहा कि बिना पर्ची खर्ची के युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। प्रदेश के अंदर चौतरफा समान विकास किया जा रहा है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि हम तो खुद एक जमाने में हुड्डा साहब और अन्य के पास पर्ची लेकर जाते थे। इस पर भूपेंद्र हुड्डा खड़े हुए और कहा कि इस सरकार में भी हरियाणा लोकसेवा आयोग और एचएसएससी में छापेमारी हुई, लोग पकड़े भी गए, उनके बारे में भी गौतम दादा बता दो। इस बार दूसरी सीट से हो, अब आने वाले समय में कौन सी सीट पर लड़ने का इरादा है, जिस पर सदन में ठहाके लगे। इस दौरान विस स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने सदन में मंत्री अनिल विज सेहत कारणों से, डॉ. अरविंद शर्मा अपने निजी कारणों और विधायक चंद्रप्रकाश अन्य के नहीं आने की सूचना विस सदस्यों को दी।

### सीएम सैनी बोले- प्रदेश में होगी वक्फ बोर्ड के मामले की जांच, कमेटी गठित

इससे पूर्व सीएम नायब सैनी ने पीर बोधी तालाब मामले पर जवाब देते हुए कहा कि मंडल आयुक्त रोहतक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। इसमें करनाल के मंडलायुक्त भी होंगे। यह कमेटी इस पूरे मामले की गहनता से जांच करेगी। पूरे प्रदेश में यदि कहीं भी शामलात भूमि को वक्फ बोर्ड में दर्ज करा दिया गया है, उसकी डिटेल्स खंगाली जाएगी।

### विनेश ने खिलाड़ियों की डाइट को लेकर उठाए सवाल

कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने सत्र के अंतिम समय में स्पीकर से बोलने का ज्यादा समय मांगा। उन्होंने कहा कि पहली बार कोई खिलाड़ी यहां आया है। सरकार कह रही है कि हमने दस सालों में खिलाड़ियों को 500 करोड़ रुपये से अधिक पैसा दिया है, लेकिन ये आंकड़ा गलत है। 250 इंडोर स्टेडियम और जिम बनाने की बात बताई जा रही है, लेकिन क्या एक जिम में 20 लाख रुपये ही सरकार ने खर्च किए हैं। विनेश फोगाट ने खिलाड़ियों की डाइट को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बीस साल पहले भी खिलाड़ियों को 1500 रुपए मिलते थे, आज भी यही पैसा मिलता है। अब महंगाई बहुत बढ़ गई है, इसलिए सरकार को खिलाड़ियों की डाइट में वृद्धि करनी चाहिए।

### स्पीकर से भिड़े कादियान

विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने दोनों पक्षों को समझाया और शांत रहने की हिदायत दी। कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य डा. रघुबीर कादियान ने स्पीकर से बहस की और इस पर तुरंत ही रुलिंग देने की मांग की। इस पर कल्याण ने नाराजगी जाहिर करते हुए कादियान को नसीहत दी और कहा कि वे खुद स्पीकर रह चुके हैं, इस तरह से दबाव बनाकर काम नहीं होगा। अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि सदन के अंदर हंगामा बर्दाश्त नहीं होगा। इस दौरान कांग्रेसी ने वॉकआउट कर दिया। हालांकि बाद में वापस लौट आए।

### गोरक्षा के नाम पर उत्पीड़न के आरोप

कांग्रेस के विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आजकल गोरक्षा के नाम पर कुछ लोग नाजायज फायदा उठा रह हैं, वे मुस्लिमों को खासतौर पर उत्पीड़ित कर रहे हैं, इसे रोका जाना चाहिए, इस पर सत्तापक्ष की कृष्ण बेदी, विपुल गोयल कड़ी आपत्ति उठाई ओर से उनके कुछ शब्दों को लेकर आपत्ति उठाई गई। जिस पर स्पीकर ने उन्हें हटवा दिया। कांग्रेस की ओर से खिलाड़ी विनेश फोगाट भी हमलावर रहीं और खेलों के नाम पर पांच सौ करोड़ से ज्यादा का पैसा दिए जाने व आंकड़ें पर सवाल खड़े कर दिए। ढाई सौ इनडोर स्टेडियम व जिम पर सवाल उठाए साथ ही खिलाडियों की डाइट को लेकर भी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।











नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियन के साथ पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा निवेश प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

स्थानीय निकाय चुनाव

## भाजपा ने 10 में से 9 नगर निगम जीती, मनाई होली

# भाजपा जीती, कांग्रेस को झटका

हरिभूमि टीम ▶▶| रोहतक

स्थानीय निकाय चुनाव में भी विधानसभा की तरह भरतीय जनता पार्टी ने बंपर जीत दर्ज करवाई। भाजपा का डंका बजा और कुल 10 में से 9 सीट पर भाजपा के मेयर प्रत्याशी विजयी रहे। मानेसर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा, यहां से निर्दलीय उम्मीदवार डॉक्टर इंदरजीत यादव ने जीत हासिल की। कांग्रेस पार्टी से एक भी मेयर प्रत्याशी नहीं जीत पाया। वहीं 23 नगर पालिकाओं में से भाजपा ने 8 सीट पर विजयी हासिल की, सभी 5 नगर परिषद सीट पर भाजपा की जीत हुई। नगर पालिका और नगर परिषद चुनाव में भी कांग्रेस खाता नहीं खोल पाई। बता दें कि गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, करनाल और यमुनानगर में मेयर और पार्षदों के लिए चुनाव हुआ। उधर, अंबाला और सोनीपत नगर निगमों में मेयर पदों के लिए उपचुनाव हुआ था।



रोहतक। नगर निगम चुनाव में मेयर बनने के बाद विजयी जुलूस निकालते भाजपा के राम अवतार वाल्मीकि।

### दिग्गजों के गढ़ में भाजपा

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के गढ़ माने जाने वाले रोहतक में कांग्रेस मेयर चुनाव हार गई। यहां भाजपा के राम अवतार वाल्मीकि 45 से ज्यादा वोट से जीते। कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के विस क्षेत्र में जुलाना नगर पालिका में भाजपा का चेयरमैन बना। कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा के संसदीय क्षेत्र में सिरसा नगर परिषद में भाजपा चेयरमैन बनाने में कामयाब रही।

### फरीदाबाद सबसे बड़ी जीत

नगर निगम चुनाव में सबसे बड़ी जीत फरीदाबाद और सबसे छोटी हार मानेसर में हुई है। फरीदाबाद में भाजपा की प्रवीण जोशी को 3 लाख 16 हजार 852 वोटों से जीत मिली। उन्होंने कांग्रेस की लता रानी को हराया। वहीं मानेसर में भाजपा के सुंदर लाल को 2,293 वोटों से हार मिली। राव इंद्रजीत और राव नरबीर के क्षेत्र में भाजपा मेयर चुनाव जीती, लेकिन मानेसर हार गई।

### सरकार का फायदा मिला

प्रदेश में पांच महीने पहले भाजपा की सरकार बनी। उससे पहले केंद्र में भी भाजपा की अगुआई वाली एनडीए सरकार बनी। ऐसे में भाजपा ने चुनाव प्रचार में इसको खूब भुनाया। भाजपा के नेताओं से लेकर मंत्रियों और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ट्रिपल इंजन का नारा दिया। प्रचार में लोगों को समझाया कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा है। ऐसे में भाजपा जीती तो तालमेल आसान होगा।

## भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार में होगा प्रदेश का चहुंमुखी विकास : कैप्टन अभिमन्यु



नारनौंद। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार में पूरे देश का समान तरीके से विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी भी प्रदेश को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। यह बात पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने गांव खांडाखेड़ी के भारत मित्र स्तंभ में होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। नारनौंद नगरपालिका में भाजपा पार्टी सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ी। सभी ने भाईचारे के साथ चुनाव लड़ा, सब अपने थे, अब मिलकर शहर में विकास को आगे बढ़ाने का काम करें। इस अवसर पर जिला परिषद के अध्यक्ष सोनू डाटा, बिजेंद्र लोहान, जयबीर माजरा, महावीर शर्मा, जिला पार्षद संजय खरब, करण पाल पेटवाड़, सोनू सैनी खांडा, महावीर श्योराण, दीपक लोहान, देवेंद्र बूरा, सरपंच बलजीत, ईश्वर बडाला, सरला, अमित मोर, शंकर शांडिल्य,पप्पू सिसाय आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

## जनता के बढ़ते भरोसे की बदौलत बनी ट्रिपल इंजन सरकारः डॉ. अरविंद शर्मा

चंडीगढ़। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शहरी निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितैषी नीतियों व जनता-जनार्दन के लगातार बढ़ रहे भरोसे को दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं द्वारा चुनाव क्षेत्र में जन-जन तक पार्टी नीतियों व संकल्प पत्र के माध्यम से बनाए माहौल से आज प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है।

यहां निकाय चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि लोकसभा, विधानसभा चुनाव के बाद लगातार तीसरे चुनाव में प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में निगम, परिषद, पालिका चुनाव के परिणाम यह दर्शा रहे हैं कि जनता का भरोसा केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर निरन्तर मजबूत हो रहा है।


### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दांग कलां में सब हैल्थ सेंटर की नीलामी दिनांक 19.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे सब हैल्थ सेंटर के प्रांगण में की जाएगी। नीलामी के लिए जमानत राशि 20,000रू० होगी। नीलामी की शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

ग्राम सचिव — सरपंच
ग्राम पंचायत दांग कलां — ग्राम पंचायत दांग कलां

पीआरडीएच 1028/11/97/2025/32754/88/6 दि. 12.03.2025

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बाल किशन उर्फ बल्ले पुत्र श्री मांगे राम निवासी 51, इंदिरा कॉलोनी, करतार पुरा, रोहतक, हरियाणा** ने **FIR No. 311/19, U/S 420/511/186/353/393/332/174A/34 IPC, अन्तर्गत थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बाल किशन उर्फ बल्ले**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बाल किशन उर्फ बल्ले**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 311/19, U/S 420/511/186/353/393/332/174A/34 IPC, अन्तर्गत थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बाल किशन उर्फ बल्ले**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री आकांक्षा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
पश्चिम, कमरा नं. 336–ए, तीसरी मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2980/OD/2025 (Court Matter)

### जिला खादय एंव पूर्ति नियन्त्रक, सोनीपत

वर्ष 2025–2026 हेतु श्रम–दुलाई एवं परिवहन कार्य हेतु अनुबन्ध के लिए पुनः ई–निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सोनीपत जिला की सभी खरीद एजेंसियों (खाद्य एंव पूर्ति विभाग, हैफेड, वेयर हाउस एंव भारतीय खादय निगम) के सम्बन्ध में वर्ष 2025-2026 (दिनांक 1-4-2025 से 31-3-2026) के लिए जिले में आने वाले एफ.सी.आई गारण्टी स्कीम के अंतर्गत निर्मित/संचालित गोदामों के अतिरिक्त सभी मण्डियों/गोदामों के लिए बेसिक दरों (एस.ओ.आर) अनुबन्ध 'ए भाग-बी' में दर्शाये विभिन्न श्रम एंव दुलाई आप्रेशनों को करने के लिए लेबर ठेकेदारों से तथा जिले में/जिले से बाहर, मण्डी/स्टोरेज बिन्दूओं से खाद्यान/कोर्स ग्रेन/स्टाक वस्तुओं के परिवहन हेतु विभिन्न परिवहन ठेकेदारों/फर्मों से आन-लाईन ई-निविदायें निम्ननानुसार पुनः आमंत्रित की जाती है। टैण्डरों से सम्बन्धित विस्तृत शर्ते व नियम विभाग की Website http://haryanafood.nic.in / https://etenders.hry.nic.in पर भी download किये जा सकते है। ई-निविदाएं निम्नप्रकार से नीचे वर्णित तिथि, समय अनुसार आमंत्रित है तथा ई-टैण्डर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सोनीपत की अध्यक्षता में टैण्डर कमेटी के सदस्यों को उपस्थिति में खोले जायेंगे :-

| कार्य | Invitation of Tender | Closing Tender of | Opening of Techincal Bid & checking of documents | Place | Opening of Financial Bid & Negotiation & Finalization |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रम-दुलाई व परिवहन कार्य | 13-03-2025 09-00 A.M | 19-03-2025 05-00 P.M | 20-03-2025 09-00.A.M | DFSC Office Sonipat | As decided by DLTC |

जिला निविदा कमेटी बिना किसी कारण को बताये किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं का स्वीकार/रदद्व करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता/-(हरवीर)
जिला, खादय एंव पूर्ति नियन्त्रक, सोनीपत

पीआरडीएच 1042/11/74/2025/32747/88/6 दि. 12.03.2025


## सिरसा में दो रेलवे अंडर ब्रिज, एक ओवर ब्रिज बनाने की मांग

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने सिरसा में दो अंडर ब्रिज व एक ओवर ब्रिज बनाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि आबादी में स्थित सभी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज अथवा अंडर ब्रिज बनाया जाना चाहिए। दरअसल सिरसा शहर में बढ़ रही ट्रैफिक समस्या में बंद रेलवे फाटक लोगों के लिए बड़ी समस्या बन रहे हैं।


### उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली के अन्तर्गत **ई–निविदा प्रणाली द्वारा खुली निविदा** आमंत्रित की जाती हैं.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में समग्र निविदा सभी सिविल कार्यों का निर्माण अर्थात 450 मीटर लंबा और 9.0 मीटर चौड़ा उच्च स्तरीय यात्री प्लेटफार्म, माल प्लेटफार्म 750 मीटर लंबा X 15 मीटर चौड़ा और पहुंच मार्ग, स्टेशन भवन, पंप हाउस, व्यापारी और श्रमिक कक्ष और बीजी ट्रैक और टर्नआउट को जोड़ना, ग्लूड जोड़ों और एसईजे का प्रावधान, मौजूदा ट्रैक और टर्नआउट को खत्म करना, गिट्टी को संभालना, उठाना, लोड करना, ले जाना, उतारना और फैलाना तथा पी.वे सामग्री की हैंडलिंग। एफकेए–केकेपी सेक्शन पर फ्रेट टर्मिनल के विकास के साथ बुधई बालमगढ़ हॉल्ट को क्रॉसिंग स्टेशन में बदलने के लिए बीएनआई/एनआई अवधि और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 2 | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रूपये 1343.78 लाख |
| 3 | कार्य निष्पादन की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रूपये 8,21,900.00 |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज **11:30** बजे दिनांक **13.03.2025** से **03.04.2025** तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय | **03.04.2025** को **11:30** बजे तक, निविदाकर्ता द्वारा **19.03.2025** से **03.04.2025** तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | **11:30** बजे दिनांक **03.04.2025** को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

टेन्डर नोटिस सं0:– 123–डब्लयू/उप.मु.अभि./नि./अ.छा./2024–25, दिनांक :– 12.03.2025 784/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

### बादलवाही और बूंदाबांदी के आसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि हरियाणा में मौसम 16 मार्च तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान लगातार 2 पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 13 मार्च के दौरान बीच-बीच में हवाओं में बदलाव आने से ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादलवाई की संभावना है। 13 मार्च रात से 15 मार्च तक बादलवाही व हवाओं के साथ हलकी बारिश हो सकती है।

प्रदेश में फाग से पूर्व आज 13 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवाएं चलने और बादल छाने की संभावना है। इस दौरान आज से 15 मार्च तक प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बादलवाही व हल्की हवाओं के साथ बरसात के आसार है। इसके बाद 16 मार्च को उत्तरी जिलों में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होगी जिससे दिन के तापमान में गिरावट आएगी वहीं रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। एचएयू हिसार के मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश में 13 से 15 मार्च को होली तक बारिश होने का अनुमान जताया है। पश्चिमी विक्षोभ का असर बुधवार को भी यहां देखा गया।

## आईएमटी सोहना पुलिस का पहरा, 200 से अधिक जवान तैनात, रास्ते का निर्माण शुरू

नूंह। आईएमटी सोहना (रोजकामेव) में निर्माण कार्य में बाधा डालने वाले किसानों पर मंगलवार को की गई पुलिस व प्रशासन की सख्ती का पूरा असर बुधवार को दिखाई दिया। आईएमटी सोहना में पुलिस के 200 जवान सुरक्षा में पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिए। प्रशासन व पुलिस की सख्ती के चलते एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों ने आईएमटी सोहना में रास्तों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार को तकरीबन 8 -10 जेसीबी मशीन निर्माण में जुटी।

## बहादुरगढ़ की परिधि खत्री ने मुंबई में आमिर खान के साथ दिखाए कुश्ती के दांव-पेंच



बहादुरगढ़। परिधि के साथ कुश्ती के दांव पेंच दिखाते आमिर खान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव कुलासी की बेटी परिधि खत्री ने मिस्ट परफेक्शनिस्ट नाम से मशहूर बॉलीवुड स्टार आमिर खान से मुंबई में स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान आमिर खान ने परिधि के साथ कुश्ती के दांव पेंच दिखाए। आमिर ने नन्ही पहलवान परिधि को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। दरअसल, 2016 में आई दंगल फिल्म में आमिर खान ने महावीर फोगाट का किरदार निभाया था। इस फिल्म के लिए आमिर खान ने अर्जुन अवॉर्डी पहलवान कृपा शंकर बिश्नोई से कुश्ती के गुर सीखे थे। इसलिए आमिर खान कृपाशंकर को अपना गुरु मानते हैं। कृपाशंकर बिश्नोई जन्मदिन की बधाई देने आमिर खान से मिलने उनके निवास पर पहुंचे थे। जैसे ही कृपाशंकर उनके घर पहुंचे तो गुरु की भांति सम्मान देते हुए आमिर खान ने उनके पांव छूए, साथ ही कुश्ती का दांव भी लगा दिया। इस दौरान बहादुरगढ़ की नन्ही पहलवान परिधि खत्री भी कृपाशंकर बिश्नोई के साथ मौजूद थी। छोटी सी पहलवान को देखकर आमिर खान प्रभावित हुए।


### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.03.2025 को जिला कारागार रोहतक के बंदियो द्वारा बचाई गई रोटियों सब्जी तथा दाल को उठाने के लिए ठेके पर देने हेतू ई आक्शन के माध्यम से बोली करवाई जाएगी जिसके लिए आप अपना आवेदन cauction.gov.in पर जाकर कर दिनांक 13.03.2025 से दिनांक 18.03.2025 कर सकते हैं। टैंडर के सम्बंध मे कोई भी बोली दाता ई आक्शन पर जाकर उपरोक्त टैण्डर को एक वर्ष 19.03.2025 से 18.03.2026 तक ले सकते हैं।

**टैंडर की शर्ते निम्नलिखित हैं।**

1. स्वीकृत ठेकेदार को बची हुई रोटियां व दाल सब्जी सप्ताह में दो बार जरूर उठानी होंगी।
2. स्वीकृत ठेकेदार की अवधि एक वर्ष के लिए होगी।
3. नीलामी में भाग लेने के लिए बोलीदाता को 50000 (पचास हजार रूपये) धरोहर राशि जमा करवानी होगी।
4. यदि स्वीकृत ठेकेदार उपरोक्त शर्तों को तोड़ता है तो इसकी धरोहर राशि जब्त करके ठेके को समाप्त कर दिया जाएगा।
5. अधीक्षक जिला कारागार रोहतक के पास बोली स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार होगा व इस कार्य में उत्पन्न किसी भी प्रकार के विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में होगा।
6. ठेकेदार जेल के अन्दर किसी भी बंदी से किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार नहीं करेगा और ना ही किसी प्रकार का ऐसा कार्य करेगा जो जेल नियमों के विरूद्ध हो। ऐसा करने पर उसे नियमो के अनुसार दण्डित किया जा सकता है।
7. रोटी व दाल सब्जी उठाने के लिए स्वीकृत ठेकेदार को अपने वाहन का प्रयोग करना पड़ेगा।

पीआरडीएच 1277/11/75/2025/32781/88/6 दि. 12.03.2025

### DISTRICT OFFICE HAFED NARNAUL

Hafed Complex, Nizampur Road, Narnaul-123001(Haryana)
01282-257233 email:dmhfdnrl@hry.nic.in

**E-Tender**

Hafed invites online bids from reputed financially sound and experienced labour and transport contractor for labour/cartage and transportation work of fertilizer of Narnaul, Mahendergarh, Kanina, Ateli and Nangal Choudhary centre for the period w.e.f. 01.04.2025 to 31.03.2026, as per schedule given below :-

| S. No. | Particulars | For Fertilizer Tender |
|---|---|---|
| 1 | Online submission of EMD, Tender Fee & e-service fee | From 13.03.2025 (9.00 AM) to 26.03.2025 (5.00 PM) |
| 2. | Online submission of Bid | Up to 26.03.2025 (5.00 PM) |
| 3 | Date and time of opening of Technical Bids | On dated 27.03.2025 at 11.30 AM |
| 4 | Date and Time of opening of Financial bids of only valid tenderer | On dated 27.03.2025 at 2.00 PM or as decided by the committee. |

The tender documents containing terms and conditions are available at Haryana single e-procurement portal at https//etenders.hry.nic.in. All the bidders are required to get registered on e-tendering portal https//etenders.hry.nic.in for applying online e-tender. Technical & Financial bid will be opened by the committee in the office of District Manager, Hafed, Narnaul as per dates given above and negotiations will also be held as per terms and conditions of tender documents respectively. Tender committee reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

District Manager, Hafed, Narnaul

### DISTRICT OFFICE HAFED NARNAUL

Hafed Complex, Nizampur Road, Narnaul-123001(Haryana)
01282-257233 email: dmhfdnrl@hry.nic.in

**E-Tender**

Hafed invites online bids from reputed financially sound and experienced transport contractor for handling and transportation/distribution of foodgrains under Anganwari Scheme and MDM scheme for Mahendergarh district for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 as per scheduled given below: -

| S. No. | Particula | For Anganwari scheme | For MDM scheme |
|---|---|---|---|
| 1 | Online submission of EMD, Tender Fee & e-service fee | From 13.03.2025 (9.00 AM) to 26.03.2025 (5.00 PM) | From 13.03.2025 (9.00 AM) to 26.03.2025 (5.00 PM) |
| 2. | Online submission of Bid | Up to 26.03.2025 (5.00 PM) | Up to 26.03.2025 (5.00 PM) |
| 3 | Date and time of opening of Technical Bids | On dated 27.03.2025 at 11.30 AM | On dated 27.03.2025 at 11.30 AM |
| 4 | Date and Time of opening of Financial bids of only valid tenderer | On dated 27.03.2025 at 2.00 PM or as decided by the committee. | On dated 27.03.2025 at 2.00 PM or as decided by the committee. |

The tender documents containing terms and conditions are available at Haryana single e-procurement portal at https//etenders.hry.nic.in. All the bidders are required to get registered on e-tendering portal https//etenders.hry.nic.in for applying online e-tender. Technical & Financial bid will be opened by the committee in the office of District Manager, Hafed, Narnaul as per dates given above and negotiations will also be held as per terms and conditions of tender documents respectively. Tender committee reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

District Manager, Hafed, Narnaul.

### कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, नारनौल

पुनः अल्प ई-निविदा सूचना

रबी व खरीफ सीजन 2025-26 के लिए महेन्द्रगढ़ (नारनौल) जिले की सभी मण्डियों में स्टॉक एवं स्टॉक आर्टिकल्स के श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन कार्य हेतू सभी राजकीय खरीद संस्थाएं, खाद्य एवं पूर्ति विभाग, हैफेड एवं हरियाणा वेयर हाउस के लिए श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन ठेकेदारों से ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से पुनः अल्प ई-निविदा आमंत्रित किए जाते हैं तथा ई-टैण्डर की नियम व शर्ते विभाग की वैबसाईट https://etenders.hry.nic.in & haryanafood.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उपरोक्त ई-टैण्डर निम्न अनुसार उपायुक्त महोदय नारनौल की अध्यक्षता में खोले जाएंगे :-

| कार्य | ऑनलाईन टैंडर डालने की तिथि | ऑनलाईन टैण्डर डालने की समाप्ती तिथि | तकनीकि बोली खोलने का समय | फाईनेनशियल बोली खोलने का समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवहन | 13.03.2025 प्रातः 09:00 बजे से | 18.03.2025 सायः 5:00 बजे तक | 19.03.2025 प्रातः 09:00 बजे | 21.03.2025 दोपहर 12:00 बजे | कमरा नं0 311, तीसरी मंजिल, लघु |
| श्रम एवं दुलाई | 13.03.2025 प्रातः 09:00 बजे से | 18.03.2025 सायः 5:00 बजे तक | 19.03.2025 प्रातः 09:00 बजे | 21.03.2025 दोपहर 12:00 बजे | सचिवालय नारनौल |

- हस्ता-(कुशल पाल बूरा)
जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक, नारनौल
दूरभाष नं0-01282-251249

पीआरडीएच 1042/11/75/2025/32751/88/6 दि. 12.03.2025

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हॉस्पीटल का निर्माण (एडमिन ब्लॉक और आवासीय ब्लॉक में सीसीटीवी का प्रावधान) + 1 कार्य। | 11.03.2025 18.03.2025 | 59.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में डीसी कैम्प ऑफिस फतेहाबाद के लिए 25 केवीए डीजी सैट का प्रावधान (25 केवीए डीजी सैट का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 11.03.2025 24.03.2025 | 13.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | वीएजीवाई स्कीम के तहत गांव संधीर ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में कुआ के निकट चमार चौपाल के निर्माण हेतु विस्तृत लागत आकलन। | 10.03.2025 26.03.2025 | 5.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज पानीपत | गांव – शेरा – नेमो एजु, सोसायटी ब्लॉक मडलौडा जिला पानीपत में हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 11.03.2025 17.03.2025 | 78.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | एमपी स्कीम में गांव जेवेली में एसपीएन स्कूल में एक कमरे का निर्माण कार्य। | 07.03.2025 17.03.2025 | 5.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | बागवानी विभाग पंचकूला हरियाणा | सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र घरौंडा, करनाल, हरियाणा में बागवानी मशीनरी और उपकरणों की आपूर्ति। | 13.03.2025 18.03.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 8295694403 vivek.hort@hry.gov.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जेएलएन फीडर पर पम्प हाउस जेएफ-II पर यांत्रिकी स्टोर में शौचालय का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.03.2025 | 14.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 8 | महिला एवं बाल विकास, पलवल | एडब्ल्यूसी की टीपीटी निविदा। | 13.03.2025 23.03.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 95601150870 popwl.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2025/160/32776/I/88/6 दि. 12.03.25

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

रोहतक गुरुवार, 13 मार्च 2025

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**विकसित भारत के विजन को साकार करेंगे**



प्रदेश की जनता ने निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन सरकार पर मुहर लगाई है। अब हम पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारतके विजन को पूरा करेंगे। प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाएंगे। मैं जनता का दिल से धन्यवाद करता हूं। *- नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री*

**होली पर नारी शक्ति की जय-जयकार**



10 नगर निगमों में से 7 में महिलाएं मेयर चुनी गईं। केवल 3 नगर निगमों में पुरुष मेयर चुने गए हैं। भाजपा की ही जो महिलाएं मेयर चुनी गई हैं उनमें-गुरुग्राम से राज रानी, यमुनानगर से सुमन बहमनी, पानीपत से कोमल सैनी, फरीदाबाद से प्रवीण बत्रा जोशी, अंबाला से शैलजा सचदेवा और करनाल से रेणु बाला शामिल हैं।

निकाय चुनाव का परिणाम घोषित

पूर्व सीएम हुड्डा और सैलजा नहीं बचा सके अपना गढ़

# हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार भाजपा ने 9 निगम जीते, कांग्रेस साफ

8 नगरपालिका में भाजपा और 15 में निर्दलीय जीते

सभी 5 नगर परिषदों पर भाजपा का कब्जा

## फरीदाबाद में भाजपा की प्रवीण ने मेयर चुनाव में देश में सबसे बड़ी जीत दर्ज कर बनाया रिकॉर्ड, 3,16,852 वोटों से जीतीं

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश के नगर निकाय चुनाव का परिणाम बुधावार को घोषित हो गया। भाजपा ने 10 नगर निगम में से 9 में जीत दर्ज की है। वहीं मानेसर नगर निगम में निर्दलीय डॉ. इंद्रजीत यादव चुनाव जीतीं हैं। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदरलाल को हराया है। इन चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह से साफ हो गई है। प्रदेश में हर तरफ भगवा परचम लहराया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ रोहतक में भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह सिरसा नगर परिषद में भी भाजपा का चेयरमैन बना। सिरसा से कांग्रेस की कुमारी सैलजा सांसद हैं। भूपेंद्र हुड्डा खुद के वार्ड नंबर 14 में ही भाजपा को बड़ा मार्जन मिला। नगर परिषद और नगर पालिकाओं में भी अधिकतर स्थानों पर भाजपा ने कब्जा जमाया है। विधानसभा चुनाव के बाद अब निकाय चुनाव में भाजपा की यह दूसरी बड़ी जीत है। भाजपा ने सोनीपत-अंबाला के साथ-साथ फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर नगर निगमों पर कब्जा जमा लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में जीत का जश्न मनाया। सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों में ट्रिपल इंजन सरकार पर मुहर लगाई है। उन्होंने जनता को धन्यवाद दिया। सैनी ने कहा कि अब ट्रिपल इंजन सरकार पीएम नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगी।

### होली पर उड़ा भगवा गुलालः 10 निगमों में 7 महिला मेयर


प्रवीण जोशी
मेयर, फरीदाबाद


रेणु बाला
मेयर, करनाल


राजरानी
मेयर, गुरुग्राम


कोमल सैनी
मेयर, पानीपत


सुमन बहमनी
मेयर, यमुनानगर


डॉ. इंद्रजीत यादव
मेयर, मानेसर(नि.)


शैलजा सचदेवा
मेयर, अंबाला


रामअवतार
मेयर, रोहतक


प्रवीण पोपली
मेयर, हिसार


राजीव जैन
मेयर, सोनीपत

### अटूट निष्ठा का प्रमाण : बड़ौली



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि जनता के विश्वास और आशीर्वाद से हरियाणा में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनी है। यह हमारी विचारधारा, विकास की नीति और आपकी अटूट निष्ठा का प्रमाण है कि प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### जनशक्ति का हृदय से अभिनंदन : पूनिया



प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए हरियाणा की जनशक्ति का हृदय से अभिनंदन करता हूं। जनता ने एक बार फिर भाजपा के विचार और नीतियों तथा नॉन स्टॉप हरियाणा के संकल्प पर सहमति जताई है।

### विकास की गंगा बहेगी : कैप्टन अभिमन्यु



पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज प्रदेश की छोटी सरकार के परिणाम आए हैं जो भाजपा के लिए अच्छा संदेश है। अब नीचे से लेकर ऊपर तक एक साथ विकास की गंगा बहेगी। अब पार्टी के लोगों पर और भी ज्यादा जिम्मेदारी बढ़ गई है, सब मिलकर जनता की भलाई का कार्य करें।सभी ने भाईचारे के साथ चुनाव लड़ा, सब अपने थे, अब मिलकर शहर में विकास को आगे बढ़ाने का काम करें। विकास की जो योजनाएं अधूरी पड़ी हुई है, मुख्यमंत्री से मिलकर उनको आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

### कांग्रेस को बड़ा झटका

- कांग्रेस एक भी नगर निगम में नहीं जीत पाई। विधानसभा चुनाव की तरह निकाय चुनाव में भी कांग्रेस के हाथ मायूसी ही लगी है।
- 5 नगर परिषद, 23 नपा का चुनाव हुआ था। यहां भी अधिकतर स्थानों पर भाजपा ने कब्जा जमाया।
- पहले 10 में से 6 नगर निगमों में भाजपा का कब्जा था। 2 पर कांग्रेस और एक पर हरियाणा जन चेतना पार्टी की मेयर थीं।

### हुड्डा अपने वार्ड में बड़े मार्जन से हारे

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा रोहतक के जिस वार्ड में रहते हैं, उस वार्ड में भी चुनाव हार गए। यहां भाजपा पार्षद ने बड़ी जीत हासिल की है। हुड्डा के खुद के वार्ड 14 से भाजपा उम्मीदवार 3176 वोट से पार्षद का चुनाव जीते हैं।

### प्रवीण ने बनाया रिकॉर्ड

फरीदाबाद से बीजेपी की मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी ने नया रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने 3,16,852 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह देश के मेयर चुनावों में सबसे बड़ी जीत है।

### सबसे कम हार जीत का मार्जन

- मानेसर में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने 2293 मतों से जीत दर्ज की। यह प्रदेश में सबसे कम मार्जन से जीत है और वे प्रदेश में एकमात्र निर्दलीय मेयर चुनी गई हैं।
- भाजपा 14 जगह सिंबल पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन 6 जगह उसे हार का सामना करना पड़ा। इनमें चार जगह तो भाजपा से बागी होकर लड़ने वाले नेता ही जीते हैं। 9 जगह भाजपा ने सिंबल पर उम्मीदवार नहीं उतारे थे।
- फतेहाबाद व कैथल नगरपालिका में भाजपा को सभी सीटों पर हार का समना करना पड़ा है।

**द्विपक्षीय वार्ता** दोनों देश समुद्री सुरक्षा, राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार समेत कई मुद्दों पर सहमत

*महासागर का मतलब क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के पारस्परिक एवं समग्री उन्नति*

# भारत-मॉरीशस के बीच 8 समझौते, ग्लोबल साउथ के लिए महासागर दृष्टिकोण का ऐलान

भाषा ▶▶| पोर्ट लुइस

भारत और मॉरीशस ने अपने संबंधों का विस्तार करते हुए इन्हें 'विस्तारित रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुंचाया और व्यापार एवं समुद्री सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। वहीं, पीएम नरेन्द्र मोदी ने 'ग्लोबल साउथ' के विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण 'महासागर' (एमएएचएएसएजीएआर) यानी 'क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति' (म्यूचुअल एंड होलिस्टिक एडवांस्मेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ एक्रॉस रीजन्स) का ऐलान किया। वहीं, हस्ताक्षरित समझौतों में सीमा पार लेनदेन के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देना, समुद्री डाटा साझा करना, धनशोधन से निपटने में संयुक्त कार्य और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना शामिल है।



### राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लिया

पोर्ट लुइस की दो दिवसीय यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन मोदी ने मुख्य अतिथि के रूप में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लिया। भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत व भारतीय वायुसेना की आकाशगंगा 'स्काईडाइविंग' टीम के साथ भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी ने भी समारोह में भाग लिया। मॉरीशस के अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ वार्ता की और कई मुद्दों पर चर्चा की।

**रणनीतिक साझेदारी बढ़ाएंगे**

मोदी ने कहा कि एक स्वतंत्र, मुक्त, सुरक्षित और संरक्षित हिंद महासागर भारत और मॉरीशस की साझा प्राथमिकता है। उन्होंने और रामगुलाम ने इस बात पर सहमति जताई कि रक्षा सहयोग एवं समुद्री सुरक्षा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, 'हम मॉरीशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा में पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

**नए दृष्टिकोण से यह लाभ**

नए दृष्टिकोण महासागर की घोषणा प्रधानमंत्री द्वारा 2015 में मॉरीशस की यात्रा के दौरान नई दिल्ली की 'सागर' या 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास'' (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन्स) की घोषणा के 10 साल बाद हुई, जिसने हिंद महासागर क्षेत्र के साथ भारत की भागीदारी के लिए आधार बनाया। मोदी ने कहा, 'हमारा दृष्टिकोण विकास के लिए व्यापार की भावना, सतत उन्नति के लिए दक्षता विकास और साझा भविष्य के लिए आपसी सुरक्षा पर केंद्रित है।'

### उपराष्ट्रपति धनखड़ को एम्स से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य में



संतोषजनक सुधार के बाद उन्हें बुधवार को एम्स से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने यह जानकारी दी। अस्पताल ने एक बयान में बताया कि उन्हें हृदय संबंधी बीमारियों के कारण नौ मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स-दिल्ली ने कहा, ''एम्स में चिकित्सा टीम से आवश्यक देखभाल मिलने के बाद, उनकी हालत में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिन तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है।

### अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर दोहरी राहत, औद्योगिक उत्पादन 5% बढ़ा, महंगाई 4 प्रतिशत के नीचे

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बुधवार को दोहरी राहत मिली। एक तरफ खाने के सामान के दाम में नरमी से खुदरा महंगाई फरवरी में भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर 4% से नीचे 3.61% पर आ गई। वहीं, दूसरी तरफ, विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक जनवरी में बढ़कर 5% पर पहुंच गई। मुद्रास्फीति में तेज गिरावट से इस बात की संभावना बढ़ी है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नौ अप्रैल को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में एक और कटौती कर सकता है। अगर आरबीआई अगले महीने प्रमुख ब्याज दर में कटौती करता है, तो यह दो महीने के भीतर दूसरी ब्याज दर कटौती होगी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से सब्जियों, अंडों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में 7 महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई।







## चिंतन

# बांग्लादेश की हर हरकत पर रखनी होगी पैनी नजर

शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद से बांग्लादेश भारत के लिए परेशानी बनता आ रहा है। मुहम्मद यूनुस सरकार एक के बाद एक ऐसे काम कर रही है, जिनसे भारत का सतर्क रहना बहुत जरूरी है। पाकिस्तान से प्रेम की पींगे बढ़ने के बाद अब बांग्लादेश चीन की गोद में बैठने को आतुर है। पहले तो बांग्लादेश ने पाकिस्तान से खाद्यान लेने का ऐलान किया और बड़ी संख्या में चावल पाक से बांग्लादेश पहुंच भी गया। पहले वो अपनी जरूरतों का खाद्यान भारत से खरीदता था। अब खबर आ रही है कि चीन ने बांग्लादेश को बड़े पैमाने पर हथियार दिए हैं। एक शोध पत्र के अनुसार, चीन ने बांग्लादेश को हथियारों के अलावा कई मिलिट्री टेक्नोलॉजी भी ट्रांसफर की है। चीन की कोशिश बांग्लादेश को सैन्य रूप से इतना सक्षम बनाने की है ताकि वह भारत के लिए सीमा पर परेशानी खड़ी कर सके। बांग्लादेश में चीन की राष्ट्रीय छवि शीर्षक से शोध पत्र मंगलवार को प्रकाशित हुआ। ढाका विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर और सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स के कार्यकारी निदेशक इम्तियाज अहमद, चीनी राजदूत याओ वेन और अन्य ने ढाका के एक होटल में सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स द्वारा आयोजित शोध पत्र के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह सब बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की चीन यात्रा से कुछ सप्ताह पहले हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ढाका में सत्ता परिवर्तन के बावजूद रक्षा संबंधों के बरकरार रहने का प्रतीक है। बांग्लादेश की नई सरकार जो भी फैसले ले रही है, उनमें भारत विरोध की बू आती है। अफगानिस्तान को भारत ने बहुत आर्थिक मदद दी, परंतु उसका कोई विशेष सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। बांग्लादेश को हमने 1971 में स्वतंत्र करवाया। शेख हसीना के कार्यकाल में ऐसा लगा कि हमारी पूर्वोत्तर की सीमाएं अब सुरक्षित रहेंगी और इस पड़ोसी देश से अच्छे संबंध बने रहेंगे, परंतु यह अध्याय भी 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया, जब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। उसके बाद से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2,400 हिंसात्मक घटनाएं हो चुकी हैं। बांग्लादेश सरकार का ध्यान जब इन घटनाओं की ओर आकर्षित किया जाता है तो वह दलील देती है कि यह हमारा आंतरिक मामला है और घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि राजनीतिक है। भारत के लिए विशेष चिंता के तीन पहलू हैं। पहला तो यह कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। जमाते इस्लामी से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पिछली सरकार ने जो कट्टरपंथी जेल में बंद कर रखे थे, उन्हें छोड़ दिया गया है। अंतरिम सरकार का समर्थन कर रहा हिजबुत तहरीर दुनिया भर में खलीफा का साम्राज्य स्थापित करने में विश्वास करता है। दूसरा यह कि बांग्लादेश का झुकाव ही नहीं, बल्कि लगाव भी पाकिस्तान से होता जा रहा है। पाकिस्तानी गायक ढाका आमंत्रित किए जा रहे हैं। तीसरा यह कि चीन अब बांग्लादेश में अपना जाल और तेजी से फैला सकता है। उसकी बेल्ट एंड रोड एनिशिएटिव योजना को और गति मिल सकती है। इससे भारत को सतर्क रहना होगा। पूर्वोत्तर की सीमाओं को हमें फिर से सुरक्षित करना होगा। बांग्लादेश की 4,096 किमी सीमा पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है, उसे अपनी ड्यूटी और मुस्तैदी से करनी पड़ेगी। सरकार को भी पड़ोसी की हर हरकत पर पैनी नजर रखनी होगी। तभी हम सुरक्षित रह पाएंगे।

# पाक के हाथ से फिसलता बलूचिस्तान



पड़ोस
अरविंद जयतिलक

पाकिस्तान के अस्थिर बलूचिस्तान राज्य में आजादी की लड़ाई लड़ रहे बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सदस्यों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर शिकन ला दी है। ट्रेन में तकरीबन 500 यात्री सवार थे जिनमें से दो सैकड़ा से अधिक लोगों को बलोच लड़ाकों ने बंधक बना लिया है। ट्रेन बलूचिस्तान के बोलान इलाके में एक सुरंग के अंदर खड़ी है जहां पाकिस्तानी सेना को कार्रवाई करने में पसीने छूट रहे हैं। बंधक बनाए गए लोगों में सर्वाधिक पाकिस्तान आर्मी और उसकी खूफिया एजेंसी आईएसआई के ही लोग हैं। लड़ाकों की मानें तो उन्होंने आम नागरिकों को आजाद कर दिया है। तकरीबन तीस पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की बात भी कबूली है। लड़ाकों ने दो टूक कहा है कि वे सैनिकों को रिहा नहीं करेंगे। दरअसल उनकी कुछ मांगें हैं जिन्हें पाकिस्तान की सरकार पूरा करती है तो बंधकों की जान बख्श सकते हैं। अगर मांगें नहीं मानी गई तो फिर लाशों से भरी ट्रेन ही पाकिस्तान की सरकार को मिलेगी। बलोच लिबरेशन आर्मी की मांग है कि पाकिस्तान सरकार बलूच के राजनीतिक कैदियों, गायब हुए लोगों, अलगाववादी नेताओं, लड़ाकों और उनके कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्त के रिहा करे। अन्यथा उन्हें खतरनाक परिणाम भुगतना होगा।

बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तान की सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उधर, पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान में चौतरफा अराजकता का माहौल है। खैबर पख्तुनवां में भी आग लगी है। सिंध प्रांत भी उबल रहा है। पाकिस्तान की भूमि पर फन फैलाए बैठे आतंकी संगठन भी अब पाकिस्तानी संप्रभुता के लिए नई चुनौती परोस रहे हैं। फिर बलूचिस्तान कब तक पाकिस्तान का अविभाजित अंग बना रहेगा। जानना आवश्यक है कि बलूचिस्तान तेल और खनिज से संपन्न पाकिस्तान का सबसे बड़ा और कम आबादी वाला राज्य है। यहां सर्वाधिक आबादी बलूचों की है और उनका आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार उनके साथ भेदभाव और शोषण करती है। उनके खनिज संपदा का जमकर दोहन करती है लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ख्याल नहीं रखती है। गौर करें तो पाकिस्तानी सेना दशकों से बलूचिस्तान में अलगावादियों का उत्पीड़न व हत्या कर रही है। अब तक पाकिस्तानी सेना के हाथों हजारों बलूच नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा 2006 में बलोच नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या के बाद बलूचियों पर अत्याचार पहले से बढ़ गया है। याद होगा 2005 में बलूच नेता नवाब अकबर बुगती और मीर



बलाच मार्री द्वारा पाकिस्तान सरकार के समक्ष 15 सूत्री मांगें रखी गयी थी। इस मांग में बलूचिस्तान प्रांत के संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण और सैनिक ठिकानों के निर्माण पर रोक का मुद्दा शीर्ष पर था। लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने इन मांगों को सिरे से खारिज कर दिया। नतीजा टकराव बढ़ गया। बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान के कुल प्राकृतिक गैस का एक तिहाई यहीं से निकलता है। विडंबना है कि उसका आनुपातिक लाभ बलूचिस्तान को नहीं मिलता है।

उदाहरण के लिए 1952 में बलूचिस्तान के डेरा बुगती में गैस के भंडार का पता लगा और 1954 से गैस का उत्पादन शुरू हो गया। पाकिस्तान के अन्य तीनों प्रांतों को उसका लाभ तुरंत मिलने लगा लेकिन बलूचिस्तान को यह लाभ 1985 में मिला। इसी तरह चीन के साथ तांबा, सोना और चांदी उत्पादन करने की पाकिस्तानी चगाई मरुस्थल योजना 2002 में आकार ली। तय हुआ कि बलूचिस्तान को उसका वाजिब लाभ मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त लाभ में चीन का हिस्सा 75 फीसद और पाकिस्तान का 25 फीसद है। इस 25 फीसद में बलूचिस्तान के हिस्से में सिर्फ 2 फीसद ही आता है। यह स्थिति तब है जब पाकिस्तानी संविधान के 18वें संशोधन के मुताबिक बलूचिस्तान को विशेष अधिकार प्राप्त है। इसी नाइंसाफी का नतीजा है कि बलूचिस्तान के नागरिक आक्रोशित हैं और पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं। वगौर करें तो बलूचिस्तान कभी भी पाकिस्तान का नैसर्गिक हिस्सा नहीं रहा है। इतिहास में जाएं तो 15 अगस्त, 1947 को भारत के साथ ही बलूचिस्तान ने भी अपनी आजादी का ऐलान किया था। लेकिन अप्रैल 1948 में पाकिस्तानी सेना ने मीर अहमद यार खान को अपना राज्य कलात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनसे जबरन कलात की आजादी के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर करवाया गया जबकि उनके भाई प्रिंस अब्दुल करीम खान इस समझौते के विरुद्ध थे। वे किसी भी कीमत पर बलूचिस्तान का 23 फीसद हिस्सा पाकिस्तान को देने को तैयार नहीं थे। लिहाजा उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ अलगाव का बिगुल फूंक दिया। उनके नेतृत्व में बलूच नागरिकों ने अफगानिस्तान की जमीन से पाक सैनिकों के खिलाफ गुरिल्ला जंग छेड़ दी।

इस संघर्ष को नवाब नवरोज खान ने आगे बढ़ाया लेकिन इसकी कीमत उन्हें भारी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की सरकार ने उनके दोनों बेटों और भतीजों को फांसी पर लटका दिया। इस अत्याचार के बाद भी जब बलूचों का स्वर धीमा नहीं पड़ा तो यहां 1973-74 में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और अलगाववादियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई तेज हो गयी। इस दौरान तकरीबन 8000 बलूची नागरिक मारे गए और हजारों घायल हुए। लेकिन गौर करें तो पाकिस्तानी सेना के जुल्म के बाद भी आजादी का स्वर थमा नहीं है। मौजूदा समय में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट, यूनाइटेड बलोच आर्मी, लश्कर ए बलूचिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन यूनाइटेड फ्रंट जैसे संगठन बलूचिस्तान की आजादी के लिए आंदोलित हैं। पाकिस्तान के लिए यह मुसीबत पैदा करने वाला है कि भारत ही नहीं अमेरिका भी बलूचिस्तान पर पाकिस्तानी सेना द्वारा मानवाधिकार हनन और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई को अनैतिक मान रहा है। गत वर्ष कैलिफोर्निया के रिपब्लिकन सांसद दाना रोहराबचेर ने दो अन्य सांसदों के समर्थन से अमेरिकी कांग्रेस में बलूचिस्तान के लिए इन जुल्मों के खिलाफ 'आत्मनिर्णयन' के अधिकार की मांग वाला प्रस्ताव पेश किया था। दो राय नहीं कि आने वाले दिनों में दुनिया के अन्य देश भी बलूचिस्तान के मसले पर मुखर होंगे और पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

> पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा।

## रंगों का त्योहार
विवेक शुक्ला



# होली पर दरियांगज में रंगों से सराबोर हुए थे मुंशी प्रेमचंद

मुंशी प्रेमचंद 7 मार्च, 1936 दिल्ली पहुंचे। अगले दिन यानी 8 मार्च को होली थी। होली पर दिल्ली होली का रंग और मस्ती चढ़ी हुई थी। तब तक दिल्ली आज के मुकाबले तो बहुत छोटी थी। उस होली पर मुंशी प्रेमचंद दरियागंज में हिंदी के प्रख्यात लेखक जैनेन्द्र कुमार जैन के घर ठहरे हुए थे। उनके दिल्ली आने का मकसद हिंदुस्तानी सभा के गठन के मौके पर मौजूद रहना था। ये हिंदी-उर्दू लेखकों का साझा मंच था। ऐसे ही समय होली वालों की एक टोली जैनेंद्र जी के घर में अचानक घुस आई और बीसियों पिचकारियों की धार और गुलाल से उस दल ने मुंशी प्रेमचंद का ऐसा सम्मान किया कि एक बार तो प्रेमचंद चौंक गये। वे पल भर में सिर से पांव तक कई रंगों के पानी से भीग चुके थे। हड़बड़ाकर उठे, अपने को संभाला। बोले - अरे भाई जैनेन्द्र, हम तो मेहमान हैं। मुंशी प्रेमचंद होली वाले दिन शाम के वक्त करोल बाग में जामिया मिल्लिया इस्लामिया कैंपस पहुंचे। तब तक जामिया का कैंपस करोल बाग में हुआ करता था। प्रेमचंद जब शाम को हिन्दुस्तानी सभा के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे तो उनके चेहरे पर होली का रंग लगा हुआ था। दरअसल मुंशी प्रेमचंद का दिल्ली में आना-जाना लगा रहता था। प्रेमचंद दिल्ली आए तो यहां उनके मेजबान 'रिसाला जामिया' पत्रिका के संपादक अकील साहब थे। जामिया में प्रेमचंद से मिलने वालों की कतार लग गई। सब उनसे मिलना चाहते थे। बहरहाल, जामिया कैंपस में अकील साहब ने प्रेमचंद से गुजारिश की कि वे यहां रहते हुए एक कहानी लिखें। ये बातें दिन में हो रही थीं। प्रेमचंद ने अपने मित्र को निराश नहीं किया। उन्होंने उसी रात को अपनी अमर कहानी 'कफन' लिखी।

इस बीच, सारे देश की तरह होली के रंग दिल्ली की फिजाओं में बिखर चुके हैं। गुलाल और गुझिया की खुशबू को हर तरफ महसूस किया जा सकता है। आम-खास सब होली के मूड में हैं। यूं तो राजधानी में होली मिलन के अनेक आयोजन होते रहे हैं, इस बार भी होंगे। पर कुछ आयोजन यादगार रहे हैं। उदाहरण के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास में आयोजित होने वाला होली मिलन विशेष महत्व रहता था। उसमें इंदिरा गांधी मेहमानों को गुझिया खिलवाती थीं। सारा होली मिलन काफी शालीन अंदाज में होता था। एक दौर में हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन सारे आयोजन को देखते थे। होली पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास 1, सफदरजंग रोड के गेट भी सबके लिए खुल जाते थे। 1980 के बाद इंदिरा जी के होली मिलन पहले की तरह भव्य नहीं रहे गए थे, सुरक्षा कारणों के चलते। तब तक पंजाब में आतंकवाद ने अपनी ज़ड़ें जमा ली थीं। अटल बिहारी वाजेयी के 111 साउथ एवेन्यू, 6 रायसीना रोड, फिर लोक कल्याणा मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के होली मिलन समारोह में अटल जी खुद सब अतिथियों को गुलाल लगाया करते थे। उनमें देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भाग लेते थे। वे तब भाजपा के संगठन से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर लजीज गुजिया और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रहती थी। अटल जी के घर पर होने वाले होली मिलन की सारी व्यवस्था उनके परम मित्र शिव कुमार किया करते थे। वे अटल जी के घर का स्थायी चेहरा थे। अटल जी के होली मिलन समारोहों के आयोजन में शामिल होने वालों को चांदनी चौक के घंटे वाले या गोल मार्केट के बंगला स्वीट हाउस की बालूशाही अवश्य उपलब्ध रहती थी। लाल कृष्ण आडवाणी के पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर भी होली बड़े प्रेम से खेली जाती रही है। बंगाली मार्केट की मशहूर मिठाई की दुकानों से गुझिया सबको खिलाई जाती थी।

लालकृष्ण आडवाणी के पंडारा पार्क सी-1/6 वाले फ्लैट की होली बहुत मशहूर हुआ करती थी। उसमें अटल बिहारी वाजेपयी और तमाम गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहते। होली खेलने के लिए आने वाले तमाम मित्रों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मुंह अवश्य मीठा कराया जाता। सभी अतिथियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था रहती। आडवाणी जी की पत्नी कमला आडवाणी जी ( अब स्मृति शेष) सुनिश्चित करतीं कि सब मेहमान भरपेट भोजन करके ही विदा हों। पर उनके निधन के बाद आडवाणी जी का होली मिलन सांकेतिक ही रह गया है। देश के राष्ट्रपति के रूप में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने सन 2003 में नगर निगम और राष्ट्रपति भवन परिसर के स्कूलों के लगभग 1200 बच्चों के साथ होली मनायी थी। डॉ. कलाम लगभग दो घंटे तक इन बच्चों के साथ रहे थे। उनसे पहले या बाद में शायद ही किसी राष्ट्रपति ने कलाम साहब की तरह होली बच्चों के साथ खेली हो।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित
**दर्शन**

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।


# कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाइए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डिप्रेशन से प्रभावित होता बचपन

हाल ही में प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में बैठ रहे विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा की और उन्हें एग्जाम में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर किसी प्रकार का परीक्षा का दवाब न बनाने की सलाह दी और बच्चों में तेजी से बढ़ रहे मानसिक अवसाद और डिप्रेशन के प्रति चिंता व्यक्त की। आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक समस्याएं बहुत तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। इसके घातक प्रभाव हर वर्ग हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। मानसिक अवसाद का विस्तार इतना तीव्र है कि इससे न तो कोई देश बचा है और न कोई राज्य। यह एक कड़वा सच है कि आज हर गांव, गली-मोहल्ले में डिप्रेशन के मरीज मिल जाते हैं।

*-जयप्रकाश शर्मा, सरायपाली*

## ट्रेंड

### गैरकानूनी संगठन



'जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन' और 'आवामी एक्शन कमेटी' को यूएपीए के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इन संगठनों को लोगों को भड़काकर कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने और भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाला पाया गया।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### ऐतिहासिक दांडी मार्च



95 वर्ष पूर्व, महात्मा गाँधी ने ऐतिहासिक दांडी मार्च की शुरुआत की और एक मुट्ठी नमक से अंग्रेज़ी हुकूमत की नींव को हिला दिया। बापू की सीख और सत्याग्रह आज भी उतने प्रासंगिक हैं जितने 1930 में थे।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### भू-माफियाओं की हिंसा



उप्र में जब एक सेवानिवृत्त उच्च सैन्याधिकारी भू-माफियाओं की हिंसा का शिकार हो रहे हैं, तो आम आदमी की हालत कितनी बुरी होगी कहने की आवश्यकता नहीं है। देखना ये है कि हिंसा की इस घटना के, जनता के बीच उजागर हो जाने के बाद भाजपा सरकार किसका साथ देती है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### खनिज सौदा



चीन दुनिया की 70% दुर्लभ पृथ्वी आपूर्ति को नियंत्रित करता है। इसी कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने की अपनी रणनीति के लिए यूक्रेन के साथ खनिज सौदे को केंद्रीय बना रहे हैं।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# हूती ने इजराइली जहाजों पर हमले की धमकी दी



यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार सुबह चेतावनी दी कि गाजा पट्टी में भेजी जाने वाली सहायता सामग्री को रोकने की वजह से पश्चिम एशिया के जलक्षेत्र से गुजरने वाले इजराइली जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। विद्रोहियों ने गाजा पट्टी को सहायता सामग्री भेजने पर लगाई गई रोक को हटाने के लिए इजराइल को चार दिन का वक्त दिया था। इसके बाद हूती के मानवीय संचालन समन्वय केंद्र ने यह बयान जारी कर इजराइली पोतों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बयान में कहा गया है, 'हम आशा करते हैं कि यह समझा जाएगा कि (हूती सेना) द्वारा की गई कार्रवाई... उत्पीड़ित फलस्तीनी लोगों के प्रति धार्मिक, मानवीय और नैतिक जिम्मेदारी की गहरी भावना से उपजी है और इसका उद्देश्य इजराइली अतिक्रमणकारी इकाई पर गाजा पट्टी की क्रॉसिंग को फिर से खोलने और खाद्य एवं चिकित्सा आपूर्ति सहित सहायता सामग्री के प्रवेश की अनुमति देने के लिए दबाव डालना है।' इसने कहा कि जहाजों को लाल सागर, अदन की खाड़ी, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य और अरब सागर में निशाना बनाया जाएगा।

## ऑफ बीट

# झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार



कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## होली और रमजान का शुक्रवार साथ-साथ, संभल-शाहजहांपुर में हाई अलर्ट

# उत्तरप्रदेश में होली से पहले मस्जिदों को तिरपाल से ढंका, 10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस बार होली 64 साल बाद रमजान के जुमे के दिन है। इससे पहले 1961 में 4 मार्च को होली और रमजान का शुक्रवार (जुमा) साथ-साथ था। रंग में भंग न पड़ जाए, इसके लिए उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। प्रदेश के 10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदल दिया गया है। मस्जिदों को रंग-गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 मस्जिदों को तिरपाल और पन्नी से ढंका गया है। यहां लाट साहब के जुलूस के लिए पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रही है। एक हजार से ज्यादा पुलिस जवान दूसरे जिलों से आए हैं। शाहजहांपुर में जूता मार होली खेलने की परंपरा 300 सालों से चली आ रही है। होली के दिन यानी 14 मार्च को लाट साहब का लंबा-चौड़ा जुलूस निकलेगा।

### एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात

- कंपनी आरएएफ और दो कंपनी पीएसी भी जिले में तैनात की जाएगी।
- संभल का माहौल संवेदनशील, जामा मस्जिद के बाहर पुलिस फोर्स तैनात
- संभल में कुल 49 अतिसंवेदनशील स्थलों को चिह्नित किया गया।



### किसी प्रकार की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी : एसपी

संभल का माहौल पहले से संवेदनशील है। जामा मस्जिद के मौलाना आफताब ने नमाज का वक्त बढ़ाकर 2 बजे कर दिया है। संभल के एसपी केके बिश्नोई ने बताया- एक हजार लोगों को पाबंद किया जा रहा है। होली का जुलूस जिस जगह से निकलेगा, वहां पर पुलिस की टीम को तैनात किया गया है। कुल 49 अतिसंवेदनशील स्थलों को चिह्नित किया गया है। किसी भी प्रकार की जबरदस्ती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति जबरन किसी को गुलाल लगाता है या किसी के साथ अभद्रता करता है तो उसे तुरंत पुलिस चौकी में रिपोर्ट करनी चाहिए।

### संभल की जामा मस्जिद में होगी रंगाई-पुताई

संभल की जामा मस्जिद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रंगाई-पुताई की मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने कहा- मस्जिद कमेटी मस्जिद की बाहरी दीवारों में ही रंगाई-पुताई करवा सकती है। रमजान के दौरान मस्जिद में लाइटिंग भी करवा सकती है, लेकिन इस दौरान ढांचे को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने बुधवार को यह आदेश सुनाया। 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

### ये जिले भी अति संवेदनशील

**जौनपुर**: जौनपुर में होली-जुमे की नमाज साथ होने पर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। **मिर्जापुर**: मिर्जापुर में शुक्रवार को जुमे की नमाज दोपहर 2 बजे पढ़ी जाएगी। **ललितपुर**: जुमे की नमाज शुक्रवार को अब पौने दो बजे अदा की जाएगी। **औरैया**: होली के दिन नमाज पढ़ने का समय डेढ़ से दो बजे किया गया है। सैयद अख्तर मियां चिश्ती सज्जादा नशीन ने बताया कि मैंने दूसरी मस्जिदों के इमामों से भी समय बढ़ाने की अपील की है।

## संसद में तीन भाषा नीति को लेकर तनातनी बढ़ी

विपक्ष ने किया जमकर हंगामा

# शिक्षा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा विवाद के बजाए समाधान तलाशा जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में जमकर हंगामा हो रहा है। विपक्ष ने सरकार को मतदाता पहचान पत्र में गड़बड़ी के आरोपों, अमेरिका की टैरिफ से जुड़ी धमकियों, परिसीमन और मणिपुर जैसे मुद्दों पर घेर रखा है। इसके जवाब में सरकार ने विपक्षी नेताओं के बयानों को मुद्दा बना लिया है। भाजपा सांसद पात्रा ने संसद में एनईपी के तहत 3-भाषा नीति को लेकर हो रहे हंगामे पर कहा कि शिक्षा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। इस पर इतना हंगामा मचाने के बजाए सबसे अच्छा है कि शिक्षा मंत्रालय और उन राज्यों के बीच परामर्श और बातचीत हो, जिन्हें इससे दिक्कत है। कुछ राज्यों में तीन भाषा नीति को लेकर समस्या है, उनके राजनीतिक प्रतिनिधियों और सरकार को एक साथ आने और कोई समाधान तलाशने की जरूरत है। अगर कोई गलतफहमी है, तो उसे दूर किया जाना चाहिए।

## गलतफहमियों को दूर करना चाहिए : भाजपा

### विपक्ष का वॉकआउट

लोकसभा में पवन ऊर्जा के एक प्रोजेक्ट को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस सांसद ने पवन ऊर्जा के एक प्रोजेक्ट को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सरकार पर अडाणी के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया। गुजरात के खावड़ा में स्थापित किए जा रहे अक्षय ऊर्जा संयंत्र के मुद्दे पर असंतुष्ट कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने वॉकआउट किया। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने पूछा कि क्या खावड़ा में लगाए जा रहे संयंत्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रोटोकॉल में कोई ढील दी गई है? केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि जब भी किसी परियोजना को मंजूरी दी जाती है तो केंद्र, राज्यों एवं अन्य संबंधित निकायों से समस्त आवश्यक लाइसेंस आदि प्राप्त किए जाते हैं।

### डुप्लीकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र का उठा मुद्दा



राज्यसभा में बुधवार को विपक्षी दलों ने मतदाता पहचान पत्र क्रमांक संख्या में दोहराव का मुद्दा उठाया गया और निर्वाचन आयोग से इस 'गड़बड़ी' की जांच करने तथा तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा ने शून्यकाल के तहत इस मुद्दे का उठाते हुए कहा कि यह एक प्रश्न ऐसा है जो पिछले कुछ वर्षों से ना सिर्फ राजनीतिक दलों को बल्कि आम नागरिक को भी उद्वेलित कर रहा है।

### तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक पारित

तेल और गैस की खोज और उत्पादन को नियंत्रित करने वाले मौजूदा कानून में संशोधन करने और इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम परिचालन को खनन परिचालन से अलग करने के लिए एक विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया गया। सरकार ने जोर देकर कहा कि वह राज्यों के अधिकारों को नहीं छीनेगी या तेल क्षेत्र में निजी या सार्वजनिक संस्थाओं को तरजीह नहीं देगी। तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 लोकसभा में पारित हुआ।

## सुवेंदु पर भड़क गईं सीएम ममता

# मैं हिंदू हूं, अब हमें भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी की टिप्पणी की आलोचना की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह रमजान के पवित्र महीने में मुसलमानों को निशाना बना रही है ताकि आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। बेनर्जी ने कहा कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी नहीं। कुर्सी का सम्मान करें। आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं? मैं एक हिंदू हूं और मुझे भाजपा से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है।

### यह कहा था सुवेंदु ने



नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने एक ऐसा बयान दिया है, जिस पर राजनीति गरमा गई है। सुवेंदु ने कहा है कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से बाहर कर दिया जाएगा।

## उस्मानिया विवि के छात्रावास में परोसे गए भोजन में मिला 'रेजर ब्लेड', छात्रों ने किया प्रदर्शन

**हैदराबाद।** उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) के छात्रावास के भोजनालय में परोसे गए भोजन में कथित तौर पर 'रेजर ब्लेड' मिलने पर छात्रों के एक समूह ने विरोध प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की। न्यू गोदावरी छात्रावास के छात्र मंगलवार रात को भोजन का बर्तन लेकर परिसर में एकत्र हुए और उन्होंने न्याय की मांग की। उन्होंने मांग की कि ओयू के कुलपति इस मुद्दे पर उनकी चिंताओं का समाधान करें। छात्रों ने कहा कि छात्रावास के भोजनालय में रात में परोसे गए भोजन में 'रेजर ब्लेड' पाया गया था। ओयू के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है।

### पीएम ने दांडी मार्च के लोगों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ऐतिहासिक दांडी मार्च में भाग लेने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी। दांडी मार्च में भाग लेने वाले लोगों का साहस, बलिदान और सत्य एवं अहिंसा के प्रति प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। गांधी के नेतृत्व में दांडी मार्च ने आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित किया।

### नासा की नई दूरबीन से खुलेंगे ब्रह्मांड के कई राज



नई दिल्ली। नासा की नई अंतरिक्ष दूरबीन मंगलवार को पूरे आकाश का नक्शा बनाने के लिए कक्षा में पहुंच गई। इससे पहले ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फीरेक्स वेधशाला को लॉन्च किया, जो पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से उड़ान भरने के लिए तैयार थी। सूर्य का अध्ययन करने के लिए सूटकेस के आकार के 4 उपग्रह भी साथ में थे।

मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल भारत पहुंचा



# भारत भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों का सहयोगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जस्टिन टोकेली के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल भारत दौरे पर है। इस शिष्टमंडल ने मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य सांसदों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बिरला और मेडागास्कर संसदीय शिष्टमंडल के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस दौरान बिरला ने शिष्टमंडल को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और संसदीय समितियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। वहीं बैठक के दौरान भारत और मेडागास्कर के मजबूत ऐतिहासिक संबंधों पर भी चर्चा हुई।

- स्पीकर बिरला ने की द्विपक्षीय वार्ता

### हम 'सागर' को प्राथमिकता दे रहे

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि भारत हमेशा भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार है और इसके लिए 'सागर'( सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रिजन) दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि भारत आपदा के समय अपने पड़ोसी देशों की मदद करने में हमेशा अग्रणी रहा है।



## खबर संक्षेप

### आप सरकार में एलजी पर केस होंगे वापस



**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद फैसलों में बदलाव दिखने लगा है। नई सरकार ने उपराज्यपाल (एलजी) से जुड़े कानूनी मामलों की समीक्षा शुरू कर दी है और कई केस वापस लेने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इस पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है माना जा रहा जल्द ही विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

### ममता के मंत्री ने 'ईडन' को बताया वक्फ संपत्ति



**कोलकाता।** वक्फ को लेकर ममता सरकार के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी ने एक दावा किया है। उन्होंने कह कि कलकत्ता का मशहूर क्रिकेट स्टेडियम ईडन गार्डन और फोर्ट विलियम वक्फ बोर्ड की संपत्ति थी। सीएबी ने जब इस पर कब्जा किया। 150 रुपए किराया वक्फ बोर्ड को मिलता था। चौधरी जिस सीएबी की बात कर रहे हैं वह ब्रिटिश काल में बनाई गई थी।

### पुलिस ने 13 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के दक्षिणी जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। अवैध कागजात मिले हैं।

## पाकिस्तान में ट्रेन पर हमला, कुछ बंधकों की भी मौत हुई

क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी जाफर एक्सप्रेस

# 190 यात्रियों को बचाया 30 उग्रवादी मार गिराए

ट्रेन के नौ डिब्बों में लगभग 400 यात्री थे सवार

### लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे उग्रवादी

भाषा ▶▶| कराची/इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने अपहृत की गई रेलगाड़ी के 190 यात्रियों को बचाते हुए 30 उग्रवादियों को मार गिराया। सुरक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि कुछ बंधकों की भी मौत हुई है। बलूच उग्रवादियों ने मंगलवार को एक सुरंग में हमला कर इस रेलगाड़ी पर कब्जा कर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों एवं उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि नौ डिब्बों में लगभग 400 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी तभी उग्रवादियों ने विस्फोटकों का इस्तेमाल कर ट्रेन को बेपटरी कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया। 'बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी' (बीएलए) ने मंगलवार को इस हमले की जिम्मेदारी ली। उग्रवादियों ने छह सैनिकों की हत्या कर दी हालांकि पाकिस्तानी अधिकारियों ने अब तक मारे गये लोगों की पुष्टि नहीं की है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। सूत्रों ने बताया कि मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में बंधक यात्रियों को बचा लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, हमले की शुरुआत में मारे गए यात्रियों की संख्या का पता लगाया जा रहा है।

**मुठभेड़ जारी**

ट्रेन पर हुए हमले में 70 से 80 उग्रवादी थे शामिल

पहाड़ी इलाके में सुरंग में हुआ हमला



#### इलाके में मोबाइल इंटरनेट नेटवर्क नहीं कर रहा काम

सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद कई उग्रवादी मारे गए हैं और जल्द ही अधिक जानकारी उपलब्ध होगी। पाकिस्तान के एक मंत्री ने उग्रवादियों के खिलाफ जारी अभियान के समापन के लिए कोई समयसीमा बताने से इनकार कर दिया, लेकिन इसे जल्द से जल्द पूरा करने का संकल्प लिया। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने जियो न्यूज को बताया कि क्वेटा से 160 किलोमीटर दूर एक सुरंग में गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाके के पास ट्रेन पर हुए हमले में 70 से 80 उग्रवादी शामिल थे। उन्होंने फर्जी खबरों के खिलाफ भी चेतावनी दी और कहा कि इलाके में मोबाइल इंटरनेट नेटवर्क काम नहीं कर रहा है और पाकिस्तान व अन्य जगहों पर मीडिया में प्रसारित सभी वीडियो क्लिप फर्जी हैं।

#### इंजन में सवार दो चालक व 8 सुरक्षाकर्मी मारे गए

सूत्रों ने बताया कि अभियान के दौरान ट्रेन के मुख्य इंजन में सवार दो चालक और आठ सुरक्षाकर्मी मारे गए।
बीबीसी उर्दू सेवा के अनुसार, मुश्ताक मुहम्मद ने बताया कि जब उग्रवादियों ने ट्रेन पर हमला किया था, तब वहां बहुत बड़ा विस्फोट हुआ और गोलीबारी हुई, ऐसा दृश्य जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। मुश्ताक उन यात्रियों में शामिल था, जिन्हें ट्रेन से बचाया गया था। यह पहली बार है जब बलूचिस्तान प्रांत में बीएलए या किसी भी उग्रवादी समूह ने यात्री ट्रेन को 'हाइजैक' किया है, हालांकि पिछले वर्ष उन्होंने प्रांत के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों, प्रतिष्ठानों और विदेशियों पर हमले बढ़ा दिए थे। यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने उग्रवादी शामिल हैं लेकिन उनमें से कुछ अपने आकाओं के संपर्क में रहने के लिए सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

#### आत्मघाती जैकेट पहने हैं उग्रवादी

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि जब तक सभी यात्रियों को बचा नहीं लिया जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा। रिंद ने कहा कि बंधक स्थिति के कारण सुरक्षा बल अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती जैकेट पहने कुछ उग्रवादियों ने महिलाओं और बच्चों को एकत्र कर उन्हें अपने पास बैठने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बताया कि आत्मघाती हमलावरों के साथ महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी के कारण अभियान को बेहद सावधानी से अंजाम दिया जा रहा है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान में अब तक 30 उग्रवादी मारे गए हैं जबकि 190 यात्रियों को बचा लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, घायल हुए करीब 30 लोगों को अस्पताल भेजा गया है।

#### क्वेटा रेलवे स्टेशन पर डेस्क स्थापित

पाकिस्तान रेलवे ने पेशावर और क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आपात स्थिति डेस्क स्थापित किया है क्योंकि चिंतित रिश्तेदार अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं। पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा से पेशावर के लिए ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू की थी। पाकिस्तानी मीडिया ने इससे पहले उस सुरंग के पास भीषण गोलीबारी और विस्फोट की खबर दी है, जहां उग्रवादियों ने ट्रेन पर हमला किया। विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने महिलाओं और बच्चों को मुक्त कर दिया है।

#### सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान रहने को कहा

इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास ने ट्रेन पर हमले और यात्रियों को बंधक बनाने की घटना की कड़ी निंदा की। दूतावास ने कहा, "हम पीड़ितों, उनके परिवारों और इस भयावह कृत्य से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। पाकिस्तानी लोग हिंसा और भय से मुक्त जीवन जीने के हकदार हैं। दूतावास ने कहा कि अमेरिका अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के पाकिस्तान के प्रयासों में उसका दृढ़ भागीदार बना रहेगा। दूतावास के मुताबिक, "हम इस कठिन समय में पाकिस्तान के साथ एकजुटता से खड़े हैं। पेशावर रेलवे स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी तारिक महमूद ने कहा कि लोगों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।



## राष्ट्रपति धर्मबीर गोखुल ने किया प्रधानमंत्री मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुइस के चैंप डे मार्स पर बुधवार को आयोजित किए 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन (जीसीएसके)' से सम्मानित किया।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मॉरीशस के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इसके लिए वह 11 से 12 मार्च तक मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर थे। यह पहला मौका है जब किसी भारतीय राजनेता को मॉरीशस के इस बेहद प्रतिष्ठित और सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है।

मॉरीशस का हृदय से आभार जताते हुए पीएम ने 1.4 अरब भारतीयों को समर्पित किया सम्मान

■

समारोह में शामिल हुआ भारतीय नौसेना का दस्ता, बैंड, हेलिकॉप्टरों सहित इंफाल युद्धपोत

#### दांडी मार्च से जुड़ा राष्ट्रीय दिवस का इतिहास

गौरतलब है कि मॉरीशस को ब्रिटेन के औपनिवेशिक शासन से 12 मार्च 1968 में आजादी मिली थी। उसी की याद में हर साल 12 मार्च को राष्ट्रीय दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2015 में भी इस आयोजन में शिरकत कर चुके हैं। वहीं, 12 मार्च की तारीख भारत के लिए भी खासी अहमियत रखती है। क्योंकि इसी दिन 1930 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत के गुजरात स्थित साबरमती आश्रम से दांडी मार्च (नमक सत्याग्रह) की शुरुआत की थी।




### तेलंगाना सीएम की आलोचना पर 2 महिला यूट्यूबर गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की आलोचना करने वाले दो महिला यूट्यूबर्स को गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के स्टेट सेक्रेटरी की शिकायत पर बुधवार को उन्हें गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने दोनों को 14 दिनों की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा है। एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस पी विश्वप्रसाद ने बताया कि वीडियो फरवरी में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के मुख्यालय में शूट हुआ। इसे बजट सत्र से ठीक पहले 10 मार्च को सीएम का अपमान करने और बदनाम करने की प्लानिंग के तहत जारी किया गया। वीडियो का कंटेंट अश्लील और अपमानजनक है। आरोपी फेम और व्यूज पाने के लिए इसे बार-बार सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे थे। हमारे पास सबूत हैं कि उन्हें इसके लिए बीआरएस से पैसे मिले थे। हम हर पहलू की जांच करेंगे।

■ पुलिस बोली- वीडियो अपमानजनक, हमारे पास सबूत कि विपक्ष ने उन्हें पैसे दिए

छग में ईडी के ताबड़तोड़ छापों के बीच

## रायपुर में मिली 1.5 करोड़ नोटों से भरी इनोवा, मशीनें बुलाई

एजेंसी ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में ईडी की छापेमारी के बाद पुलिस ने कैश वाली एक कार बरामद की है। कार में 500, 200 और 100 के नोटों की गड्डियों को रखा गया था। पुलिस भी हैरान रह गई। पता चला कि कार में पूरे 1.5 करोड़ की नकदी थी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह पैसा किसका था और कहां ले जाया जा रहा था। सफेद रंग की इनोवा गाड़ी (23 बीएच 886जे) में भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। पुलिस ने अमानका चेक पॉइंट पर इस गाड़ी को पकड़ा। नोटों की गड्डियां देखकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। मीडिया के सामने कैश दिखाने के बाद मशीनों से गिनती की गई।



**यह चर्चा का विषय बना**

भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी ऐसे समय पर हुई है जब ईडी ने छत्तीसगढ़ में कई हाई प्रोफाइल लोगों के खिलाफ छापेमारी की है। सफेद रंग की इनोवा में कैश मिलने की खूब चर्चा हो रही है।

### गोवंश के संरक्षण के लिए बढ़-चढ़कर कार्य करें : स्वामी ज्ञानानंद महाराज

**पिंजौर** । स्वामी ज्ञानानंद महाराज बुधवार को कामधेनु गोशाला पिंजौर में पहुंचे। गोशाला में पहुंचने पर चेयरमैन नवराज राय धीर सहित अन्य सदस्यों द्वारा महाराज का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कामधेनु गोशाला की प्रशंसा की और कहा कि गोशाला में हमेशा कुछ ना कुछ नए प्रयोग किए जाते हैं जो की खूब सराहनीय है । कामधेनु गोशाला में भारतीय नस्ल की गऊओं का संरक्षण व संवर्धन किया जा रहा है। गोशाला में स्वच्छता और गो वंश का रखरखाव बहुत ही सुचारू रूप से किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीना सीखो लाइफ केयर के चेयरमैन आचार्य मनीष ग्रोवर एवं गोशाला प्रबंधन समिति के सहयोग से गोशाला में शुरू किए गए बायोगैस सीबीजी प्लांट का कार्य खूब सराहनीय है। गोशाला प्रबंधन समिति का घर-घर यह गैस पहुंचाने का जो लक्ष्य है वह भी काबिले तारीफ है। इस मौके पर उन्होंने उक्त प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी गोरक्षकों और गोसेवकों से अपील की की गोवंश के संरक्षण के लिए बढ़-चढ़कर कार्य करें।



24 दलितों की हत्या का मामला

### 43 साल बाद फैसला, अदालत ने 3 लोगों को ठहराया दोषी

एजेंसी ▶▶| मैनपुरी

24 दलितों के नरसंहार के मामले में 43 साल के बाद कोर्ट का फैसला आया है। मैनपुरी की अदालत ने इसमें 3 लोगों को दोषी ठहराया है। दिहुली गांव में डकैतों के एक गिरोह ने हत्या की थी। जिला सरकारी वकील पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मंगलवार को विशेष न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने कप्तान सिंह, राम पाल और राम सेवक को दिहुली दलित हत्याकांड में उनकी भूमिका के लिए दोषी पाया। इनको सजा 18 मार्च को सुनाई जाएगी। यह नरसंहार 18 नवंबर 1981 को हुआ था, जब संतोष सिंह और राधेश्याम (उर्फ राधे) की अगुवाई में डकैतों के एक गिरोह ने जसराना थाना क्षेत्र में स्थित दिहुली गांव में दलित समुदाय पर हमला किया था। हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों सहित 24 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और उनका सामान लूट लिया था। 17 में से 13 आरोपी मर चुके हैं।



## डिजिटल अरेस्ट मामलों में 83668 व्हाट्सएप अकाउंट बंद

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर ने डिजिटल अरेस्ट मामलों में शामिल 3962 से ज्यादा स्काइप आईडी और 83,668 व्हाट्सएप अकाउंट्स की पहचान करके ब्लॉक कर दिया है। 14सी साइबर अपराधों पर निगरानी के लिए गृह मंत्रालय स्पेशल विंग है। गृह राज्य मंत्री संजय बंदी कुमार ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सांसद तिरुचि शिवा के सवाल सर यह लिखित जानकारी दी। उन्होंने बताया- साइबर अपराधियों ने इन अकाउंट्स का इस्तेमाल ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी की थी। इसके अलावा 28 फरवरी, 2025 तक 7.81 लाख से ज्यादा सिम कार्ड और 2.08 लाख से ज्यादा आईएमईआई नंबर ब्लॉक किए गए हैं। वहीं, 13.36 लाख से ज्यादा शिकायतों के आधार पर 4386 करोड़ रुपये से ज्यादा के नुकसान से बचा जा सका है। गृह राज्य मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार और टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर ने इंटरनेशनल स्पूफ कॉल की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए एक सिस्टम तैयार किया है। ऐसी कॉल्स आने पर मोबाइल डिस्प्ले में भारत का नंबर होता है जबकि कॉल कहीं विदेश से आ रही होती है। टीएसपी को ऐसी कॉल्स को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा साइबर अपराध की शिकायत के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 चालू किया गया है। जागरूकता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में जागरूकता कॉलर ट्यून प्रसारित की जा रही है।

गृह मंत्रालय ने दी जानकारी, 13.36 लाख से ज्यादा शिकायतों से 4386 करोड़ का नुकसान बचा




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25